प्रिय बीएसएनएल ग्राहक,

बीएसएनएल झारखण्ड भारत सरकार का एक रणनीतिक साझेदार है जो झारखण्ड राज्य के सभी भागों में,चाहे वे कितने ही मुश्किल या दूरदराज के इलाके हो, अत्याधुनिक व नवीनतम दूरसंचार सेवाएं प्रदान करता है। बीएसएनएल, भारत सरकार के 100% स्वामित्व के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी, न सिर्फ भारत के सभी हिस्सों मे सभी प्रकार की दूरसंचार सेवाएं प्रदान करता है बल्कि दूरसंचार क्षेत्र मे राजस्व को बनाए रखने व बाजार मे हिस्सा बढ़ाने के लिए कड़ी प्रतियोगिता का सामना कर रहा है। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने ग्राहकों को कम कीमत पर पारदर्शिता के साथ मुस्कुराते हुए सेवा प्रदान करे।

घर तक फाइबर (FTTH) सेवा के साथ हम झारखण्ड के सभी कस्बों व शहरों मे सेवा प्रदान करने मे सफल हुए है जिससे हमारे ग्राहक राष्ट्रीय डिजिटल हाईवे से जुड़ गए है जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र मे डाटा की अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र के घरों को भारतनेट के माध्यम से इंटरनेट से जोड़ने के कार्य का शुभारंभ अत्यधिक उत्साहवर्धक रहा है और यह ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल विकास मे सहायता कर रहा है। यह गाँव को आत्मनिर्भर बनाने मे एक कदम होगा। बीएसएनएल झारखण्ड के उन क्षेत्रों मे भी इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है जहाँ यह सेवा थोड़ी बहुत पहुंची है या बिल्कुल नहीं पहुंची है।

बीएसएनएल झारखण्ड ने झारखण्ड राज्य के पलामू,गढ़वा,लातेहार,गुमला,लोहरदगा एवं सिमडेगा मे 4G मोबाइल सेवा की शुरुआत कर दी है और हम आने वाले महीनों मे ज़्यादा से ज्यादा शहरों,महामार्गो को स्वदेशी डिजाइन के साथ निर्मित 4G तत्पश्चात 5G से बड़े पैमाने पर जोड़ने वाले है। बीएसएनएल ग्रामीण क्षेत्रों के दूरस्थ भागों मे सेवा प्रदान कर रहा है जो 4G मे अपग्रेड किए जाएंगे और आने वाले दिनों मे झारखण्ड के उन गांवों मे भी 4G मोबाइल सेवा प्रदान की जाएगी जहाँ यह सेवा अब तक नहीं पहुँची है।

उद्यम क्षेत्र मे बीएसएनएल राज्य सरकार,पुलिस विभाग और केंद्र व राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों व बैंकों व अन्य उद्यम ग्राहकों के प्रत्येक वर्ग के अन्य सम्मानित ग्राहकों को उनके लिए विशेष रूप से तैयार सेवाए उपलब्ध करा रहा है।बीएसएनएल झारखण्ड SDWAN,SaaS,IDC,IoT,CNPN और भविष्य की सभी सेवाए प्रदान करने के लिए तैयार है।

बीएसएनएल अपने कर्मचारी कार्यबल के कौशल को भारत सरकार की "मिशन कर्मयोगी" पहल के साथ लगातार बेहतर बना रहा है और आज व कल के ग्राहकों की आकांक्षाओ को पूरा करने के लिए तैयार कर रहा है।

मुझे पूरी उम्मीद है कि बीएसएनएल की दूरसंचार सेवाएं झारखंड के हमारे सम्मानित ग्राहकों की आकांक्षाओ को पूरा करेंगी। मै आपको आश्वस्त करता हूं कि हम झारखण्ड राज्य की सभी दूरसंचार आवश्यकताओ को पूरा करते हुए बीएसएनएल को सफलता के पथ पर अग्रसर करने के लिए वचनबद्ध है।

संजय कुमार

(संजय कुमार)
मुख्य महाप्रबंधक,झारखण्ड